आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 05.12.2018

दिनांक 05.12.2018 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में खेल–कूद संघ आरेडिका/ रायबरेली द्वारा 50वां अखिल भारतीय रेलवे पुरुष व महिला क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता 2018–19 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री सुनीत शर्मा, महाप्रबंधक के द्वारा किया गया। महाप्रबंधक श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन से आरेडिका के युवाओं और बच्चों को अच्छी सेहत बनाने और खेल–कूद में भाग लेने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा ।

इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रीय एवं उत्पादन इकाईयों के 14 टीमों के लगभग 111 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को महिला व पुरुष वर्ग वर्ग (एकल) में और महिला व पुरुष वर्ग टीम में विभाजित किया गया था।

इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग के एकल मुकाबले में सुधा सिंह, मध्य रेलवे ने प्रथम स्थान, नंदनी गुप्ता, उत्तर मध्य रेलवे द्वितीय स्थान व किरण, पश्चिम रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला टीम वर्ग में मध्य रेलवे ने प्रथम, दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वितीय व पश्चिम रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के एकल वर्ग में रोबिन उत्तर पश्चिम रेलवे ने प्रथम स्थान, रति राम, उत्तर रेलवे द्वितीय स्थान व परवेज, दक्षिण पश्चिम रेलव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष टीम वर्ग में मध्य रेलवे ने प्रथम, उत्तर मध्य रेलवे द्वितीय व पश्चिम रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता मे विजेता टीम व खिलाड़ियों को, अध्यक्ष खेल–कूद संघ एवं प्रधान वित्त सलाहकार श्री दावा छेरिंग आरेडिका, रायबरेली के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार, प्रधान मुख्य सामाग्री प्रबंधक श्री ए. के. पाण्डेय, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री दीपांकर डे, प्रधान मुख्य इंजीनियर श्री राम बृक्ष यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री जयदेव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री डॉ. अनिल गुप्ता,एवं श्री आर.पी. शर्मा सचिव/महाप्रबंधक व महासचिव आरेडिका खेल–कूद संघ व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

(आर.पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी